**श्री राजेश कुमार,भा.प्र.से., आयुक्त, कोशी–सह–पूर्णिया प्रमंडल की अध्यक्षता में दिनांक–26.03.2025 को V.C के माध्यम से जिला पदाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के साथ सी0सी0ए0, आर्म्स एक्ट, भू–समाधान पोर्टल एवं राजस्व पर्षद से संबंधित नीलाम पत्र वाद से संबंधित बैठक की कार्यवाही :–**

सर्वप्रथम सभी उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। तदोपरांत कोशी प्रमंडल एवं पूर्णिया प्रमंडल के जिला पदाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के साथ निम्नांकित बिन्दु–वार समीक्षा की गयी।

1. सी0सी0ए0 तथा आर्म्स एक्ट के तहत लंबित मामलों की समीक्षा की गई। इस संबंध में आसन्न त्योहार/पर्व तथा आगामी विधान सभा निर्वाचन–2025 को देखते हुए सभी आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। गृह विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त लंबित सूची का शीघ्र निष्पादन करने का निदेश दिया गया।

2. आयुक्त न्यायालय कार्य में यह पाया गया है कि कई मामलों में LCR उपलब्ध नहीं होने के कारण वाद की Final Hearing सम्भव नहीं हो पाती है। इस संबंध में पूर्व में भी पत्र भेजा गया है। अतः इसका शीघ्र अनुपालन करने का निदेश दिया गया।

3. भू–समाधान पोर्टल का प्रगति/effectiveness की समीक्षा की गयी जिसमें जिला वार मामले की स्थिति निम्नलिखित पायी गयी:–

| क्र0 | जिला का नाम | कुल आवेदन | पूर्ण प्रविष्टि | आंशिक प्रविष्टि | अति संवेदनशील | संवेदनशील | सामान्य | प्रारंभिक निष्पादन | अंतिम निष्पादन | प्रक्रियाधीन | मापी के लिए निर्धारित | अस्वीकृत | न्यायालय में लंबित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 5226 | 5134 | 92 | 4 | 19 | 5111 | 569 | 4446 | 108 | 4 | 5 | 2 |
| 2 | कटिहार | 1398 | 1374 | 24 | 1 | 32 | 1341 | 125 | 1070 | 157 | 0 | 12 | 10 |
| 3 | अररिया | 1481 | 1457 | 24 | 01 | 29 | 1427 | 145 | 1144 | 136 | 04 | 14 | 14 |
| 4 | किशनगंज | 2163 | 2156 | 7 | – | – | – | 418 | 1665 | 54 | 10 | 5 | 4 |
| 5 | सहरसा | 2684 | 2673 | 11 | – | – | – | 478 | 2110 | 46 | 5 | 14 | 20 |
| 6 | मधेपुरा | 1505 | 1425 | 80 | – | – | – | 252 | 1067 | 84 | 4 | 14 | 4 |
| 7 | सुपौल | 2864 | 2777 | 87 | – | – | – | 223 | 2330 | 215 | 3 | 7 | 1 |

विदित हो कि मुख्यालय स्तर से होने वाले VC में विभागीय अपर मुख्य सचिव द्वारा भूमि विवाद से संबंधित परिवादों के निस्तार तथा भू–समाधान पोर्टल पर कृत कार्रवाई के संदर्भ में असंतोष व्यक्त किया गया है। अतः इस संबंध में विभागीय निदेशों के आलोक में शनिवारीय बैठक सहित परिवाद के यथोचित निस्तार हेतु त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है। इसके लिए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के संयुक्त रूप से नियमित बैठक करते हुए प्राप्त परिवादों के proper Disposal की व्यवस्था थाना–वार कराने की आवश्यकता है।

4. राजस्व पर्षद से संबंधित मामलों की समीक्षा की गयी। राजस्व पर्षद की ओर से नीलाम पत्र वाद के प्रगति की नियमित समीक्षा की जा रही है। प्रमंडलीय स्तर पर दैनिक प्रतिवेदन भेजी जा रही है। समीक्षोपरांत जिला–वार नीलाम पत्र वाद के अन्तर्गत Body Warrant, Distress Warrant एवं राशि वसूली की स्थिति दिनांक 26.03.2025 को निम्नवत पायी गई।

| Sl. | District | Warrant Execution | | | | | | | | Money Recovery (in Lakh) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Pending for execution as on 28th Feb 2025 | | Execution Till 28th Feb 2025 | | Execution Till Last Day (in March 2025) | | Execution Today | | Money Pending for Recovery as on 28th feb. 2025 | Money Recovered Till 28th feb. 2025 | Money recovered Till Last Day (in March 2025) | Money Recovered Today |
| | | Body Warrant | Distress Warrant | Body Warrant | Distress Warrant | Body Warrant | Distress Warrant | Body Warrant | Distress Warrant | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | Purnea | 1610 | 0 | 42 | 0 | 15 | 0 | 1 | 0 | 19644.6 | 1805.48 | 30.41 | 0.20 |
| 2 | Katihar | 396 | 96 | 38 | 0 | 11 | 0 | 0 | 0 | 15695.90 | 288.46 | 111.41 | 0 |
| 3 | Araria | 587 | 18 | 37 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 1322.86 | 45.37 | 8.78 | 0 |
| 4 | Kishangang | 427 | 17 | 73 | 1 | 8 | 0 | 1 | 0 | 578.58 | 448.08 | 6.98 | 1.13 |
| 5 | Saharsa | 171 | 0 | 71 | 0 | 7 | 0 | 0 | 0 | 13888.64 | 63.59 | 0.28 | 0 |
| 6 | Madhepura | 758 | 0 | 29 | 0 | 34 | 0 | 0 | 0 | 18448.35 | 1680.21 | 72.76 | 0 |
| 7 | Supaul | 319 | 1 | 86 | 1 | 8 | 1 | 1 | 0 | 22647.29 | 39.33 | 0.99 | 0 |

यह पाया गया कि लंबित सभी जिलों में BW का निष्पादन काफी संतोषजनक नहीं है। राशि वसूली की गति काफी धीमी है। अतः निदेशित किया गया कि दैनिक स्तर पर जिला–वार कम से कम 3 प्रतिशत लंबित BW तथा DW का निष्पादन किया जाय। यह भी निदेश दिया गया कि राजस्व पर्षद से जो पत्र प्राप्त हुए है उसका अनुपालन का अद्यतन प्रतिवेदन भेजी जाय ताकि प्रतिवेदन राजस्व पर्षद को भेजा जा सके। राजस्व पर्षद के निदेशों के अनुसार नोटिस को न्यूज पेपर में प्रकाशित करने की कार्रवाई पूर्ण की जाय। Substitution of deceased parties with legal heirs के संदर्भ में संगत legal provision के अनुसार कार्रवाई की जाय।

5. जिला पदाधिकारी निम्न बिन्दु पर साप्ताहिक प्रतिवेदन अलग से प्रत्येक सोमवार को भेजे।

(i) कुल PDR Cases के विरूद्ध निर्गत BW का प्रतिशत।
(ii) कुल निर्गत BW के विरूद्ध executed BW का प्रतिशत।
(iii) कुल PDR Cases में सन्निहित राशि के विरूद्ध वसूली की राशि का प्रतिशत।

5. जिला वार लंबित MJC तथा रिट याचिका के अपील में आदेश के अनुपालन की समीक्षा की गयी। सभी MJC में आदेश का अनुपालन कर सुनवाई की अगली तिथि के पूर्व कारण–पृच्छा दायर करें। रिट याचिका में पारित आदेश के अनुपालन हेतु समयवद्ध रूप से कार्रवाई करें। ताकि अवमानना वाद की स्थिति न बनें।

6. समाहरणालय स्तर पर रिक्त पदों तथा लंबित रोस्टर के संबंध में जिला–वार समीक्षा की गयी। इस संबंध में मुख्यालय स्तर पर हुए विगत VC में अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में शीघ्र रोस्टर क्लीयरेंस से संबंधित कार्रवाई पूर्ण करने का निदेश दिया गया। समाहरणालय स्तर पर वैसे पद, जिसका रोस्टर क्लयरेंस की कार्रवाई लंबित है अथवा त्रुटि सुधार हेतु प्रस्ताव को वापस कर दिया गया है उनका नियमानुसार एवं विहित प्रावधानों के अनुरूप त्रुटि सुधार कर शीघ्र निष्पादन/अनुमोदन कराते हुए अधियाचना शीघ्र विभाग को भेजें।

अंत में बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गयी।

ह०/–
आयुक्त,
कोशी–सह–पूर्णिया प्रमंडल।

ज्ञापांक–1385/........, पूर्णियां, दिनांक–27/3/.../2025

प्रतिलिपि : जिला पदाधिकारी,सहरसा/मधेपुरा/सुपौल/पूर्णिया/अररिया/कटिहार/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : पुलिस अधीक्षक, सहरसा/मधेपुरा/सुपौल/पूर्णिया/अररिया/कटिहार/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : पुलिस उप–महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र, सहरसा/पूर्णिया क्षेत्र, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–
आयुक्त,
कोशी–सह–पूर्णिया प्रमंडल।

ज्ञापांक–1385/........, पूर्णियां, दिनांक–27/3/25/2025

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग/सामान्य प्रशासन विभाग/गृह विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
आयुक्त,
कोशी–सह–पूर्णिया प्रमंडल।

ज्ञापांक–1385/........, पूर्णियां, दिनांक–27/3/25/2025

प्रतिलिपिः– अध्यक्ष–सह–सदस्य, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

Rajek.
27/3/2025.
आयुक्त,
कोशी–सह–पूर्णिया प्रमंडल।